देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 26 जुलाई 2019। आज सायं 4 बजे माननीय प्रोफेसर रेणु जैन ने कुलपति के रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर में कार्यभार ग्रहण किया । उल्लेखनीय है कि प्रो. रेणु जैन जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष के रूप में गणित अध्ययनशाला में अपनी सेवायें प्रदान कर रही थी। सर्वप्रथम प्रो. जैन ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित माँ अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तद्ोपरांत कुलपति कक्ष में कुलसचिव, डॉ. अनिल शर्मा ने उन्हें कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण कराया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात माननीय कुलपति प्रो. रेणु जैन ने मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता विश्वविद्यालय के नये सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश की होगी जिससे विद्यार्थियों का किसी भी तरह का नुकसान न होने पाये। इस संदर्भ में उन्होने दिनांक 27 जुलाई 2019 को प्रातः 11 बजे तक्षशिला परिसर में स्थित ईएमआरसी में समस्त विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों एवं समन्वयकों की एक बैठक रखी है। कुलपति जी के अनुसार उनकी दूसरी प्राथमिकता विश्वविद्यालय में प्रस्तावित नैक के होने वाले दौरे से संबंधित होगी। उन्होने कहा कि सभी के सहयोग से हमारा प्रयास होगा कि हम नैक द्वारा सर्वश्रेष्ठ ग्रेड प्राप्त कर सकें।

इसके पश्चात माननीय कुलपति जी ने विश्वविद्यालय परिसर में आमरण अनशन पर बैठे श्री अजय चौरडिया को जल पिलाकर उनका अनशन तुड़वाया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी